प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 20.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा ने विपक्ष को बताया महिला आरक्षण में बाधक; 25 अप्रैल को पदयात्रा का ऐलान, कांग्रेस ने किया पलटवार, महिलाओं को टूलकिट की तरह इस्तेमाल करने का आरोप।
- लोकभवन में कल राज्य के नवनियुक्त लोकायुक्त न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता का शपथ ग्रहण समारोह होगा आयोजित, राज्यपाल दिलायेंगे पद और गोपनीयता की शपथ।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल रांची में नवनियुक्त सीडीपीओ और पर्यवेक्षिकाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, राज्य की योजनाओं के क्रियान्वयन में आएगी तेजी।
- रेलवे गर्मियों की भीड़ कम करने के लिए 15 जुलाई तक देशभर में 18 हजार से अधिक स्पेशल ट्रेन फेरे संचालित करेगा।
- राज्य के कई हिस्सों में अगले दो दिन हीट वेव की चेतावनी, स्कूलों के समय में बदलाव, कल से सुबह 7 बजे से खुलेंगे विद्यालय।

****

केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज देवघर में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन महिला आरक्षण बिल का विरोध कर अपनी दोहरी नीति दिखा रहे हैं।

****

इधर, धनबाद में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रघुवर दास ने महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दल महिलाओं को उनका हक देने के विरोधी हैं। उधर, हजारीबाग में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए उन्हें नारी सशक्तीकरण का विरोधी बताया है।

****

जमशेदपुर के तुलसी भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने नारी शक्ति वंदन बिल के लोकसभा में पास न होने के लिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। सांसद मनीष जायसवाल ने इसे देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात बताया और कहा कि पार्टी 25 अप्रैल को पूरे प्रदेश में विरोध पदयात्रा निकालेगी।

****

महिला आरक्षण बिल को लेकर चल रही सियासी खींचतान के बीच प्रदेश कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर महिलाओं को ठगने का आरोप लगाया है। रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस महानगर उपाध्यक्ष गौतम उपाध्याय ने कहा कि भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम पर देश में झूठा नैरेटिव तैयार कर रही है।

****

राजधानी रांची में आज भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने राज्य की बिगड़ती कानून–व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर एसएसपी कार्यालय का घेराव किया। मौके पर भाजपा नेता नवीन जायसवाल ने कहा कि जिस तरह से वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हमारी बहन–बेटियां असुरक्षित हो गई हैं, वह बेहद चिंताजनक है।

****

रांची स्थित लोकभवन में कल राज्य के नवनियुक्त लोकायुक्त न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। सुबह साढ़े 11 बजे एक समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

****

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और स्थिर है। नई दिल्ली में आयोजित एक अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि आपूर्ति सुचारू रखने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाने और बुकिंग की अवधि बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए हैं।

****

राज्य के युवाओं के लिए कल का दिन बेहद खास होने वाला है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल रांची में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, सीडीपीओ और पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

****

गिरिडीह में 8वें पोषण पखवाड़ा के तहत कुपोषण मिटाने और सही खान–पान के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

सिमडेगा जिला आज महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में एक मॉडल बनकर उभर रहा है। एक रिपोर्ट–

****

रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। गर्मियों की छुट्टियों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने देशभर में 18 हजार से अधिक विशेष फेरे चलाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय के अनुसार, 15 अप्रैल से 15 जुलाई के बीच कुल 908 विशेष रेलगाड़ियां संचालित की जाएंगी।

****

बढ़ती गर्मी के बीच राज्य के स्कूली बच्चों के लिए राहत भरी खबर है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में कल से स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश दिया गया है। अब कक्षा केजी से 8वीं तक की कक्षाएं सुबह सात से साढ़े ग्यारह बजे तक ही चलेंगी, जबकि कक्षा 9 से 12 तक के छात्र दोपहर बारह बजे तक स्कूल में रहेंगे।

****

इस बीच रांची और खूंटी जिले के लिए मौसम विभाग ने तात्कालिक चेतावनी जारी की है। अगले कुछ घंटों के भीतर इन जिलों के कुछ हिस्सों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

****

रांची के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय परिसर में आज एक दिवसीय स्वर्गीय श्रीकांत सिंह मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। रांची जिला वुडबॉल संघ द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 बालक–बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टीम इवेंट के दोनों वर्गों में कलकत्ता पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

*****समाप्त*******